गायत्री कान्वेंट एंड जूनियर कॉलेज में साइबर जनजागृति पर किया मार्गदर्शन



नागपुर। डिजिटल युग में बढते साइबर अपराधों को देखते हुए विद्यार्थियों में साइबर सुरक्षितता के बारे में जनजागृति निर्माण करने के उद्देश्य से क्वीक हील फाऊंडेशन के साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा उपक्रम के अंतर्गत गायत्री कान्वेंट एंड जूनियर कॉलेज, हुडकेश्वर में साइबर जनजागृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गवर्नमेंट इन्स्टीट्यूट फॉर फारेंसिक साइंस नागपुर के विद्यार्थी स्वयंसेवक साक्षी सुभाष धाबे व कृष्णाई पवन डाखोले ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन धोखाधडी, फिशिंग, हैकिंग, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग, मजबूत पासवर्ड तैयार करने का महत्व, ओटीपी और वैयक्तिक जानकारी किसी से शेयर न करने के साथ साथ साइबर अपराधों से बचाव करने के लिए आवश्यक एहतियात बरतने को लेकर विस्तारित मार्गदर्शन किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या जयश्री गुजे की उपस्थिति रही। उन्होंने विद्यार्थियों से डिजिटल माध्यम का जिम्मेदारी से उपयोग करने के साथ साथ साइबर सुरक्षा के नियमों का अपने जीवन में उपयोग करने का आह्वान किया।

क्वीक हील फाऊंडेशन व गवर्नमेंट इन्स्टीट्यूट फॉर फारेंसिक साइंस नागपुर के उपक्रम की सराहना की गई। इस प्रकार के आयोजन भविष्य में भी किए जाने की उम्मीद जताई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के पूछे गए सवालों के स्वयंसेवकों ने प्रत्यक्ष उदाहरण के माध्यम से जवाब दिए।